"हिन्दी पखवाड़ा- 2018"
तत्काल

फा.सं. 7–1(1)/2018/रा.भा./ 212

अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन
ANDAMAN AND NICOBAR ADMINISTRATION
राजभाषा विभाग
OFFICIAL LANGUAGE DEPARTMENT
सचिवालय / SECRETARIAT.

पोर्ट ब्लेयर, दिनांक 26 जुलाई 2018

सेवा में,

1. उपायुक्त
   उत्तर तथा मध्य अंडमान जिला,
   मायाबन्दर ।
2. उपायुक्त
   निकोबार जिला,
   कार निकोबार।

विषय:– दिनांक 1 सितम्बर से 15 सितम्बर, 2018 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

मुझे आपको यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंडमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा **दिनांक 01.09.2018 से 15.09.2018** तक **हिन्दी पखवाड़ा–2018** का आयोजन किया जाएगा।

अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के क्षेत्रीय कार्यालय, कार निकोबार और क्षेत्रीय कार्यालय, मायाबंदर में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना हैं जिसका विवरण इस प्रकार है :–

1. सभी कार्यालय गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने कार्यालयों के अहाते में बैनर लगाएंगे जिस पर लिखा होगा :–

   ....विभाग / कार्यालय

   "हिन्दी पखवाड़ा"

   दिनांक 1 सितम्बर से 15 सितम्बर, 2018

   'इस दौरान अधिक से अधिक शासकीय कार्य हिन्दी में किया जाएगा'।

2. हिन्दी पखवाड़ा के दौरान हिन्दी टिप्पण व प्रारुपण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी कार्यालयों के एक–एक कर्मचारी भाग लेंगे । उपायुक्त (उत्तर तथा मध्य अंडमान जिला तथा निकोबार जिला) के कार्यालयों के हिंदी अनुवादक प्रतियोगिता की तारीख, समय और स्थान निर्धारित करेंगे तथा प्रश्न पत्र भी तैयार करेंगे।
3. कक्षा VI से VIII वीं तक के अहिंदी भाषी विद्यार्थियों के लिए हिंदी में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। उपायुक्त, उत्तर तथा मध्य अंडमान जिला तथा उपायुक्त, निकोबार जिला के कार्यालयों के हिंदी अनुवादक प्रतियोगिता की तारीख, समय और स्थान निर्धारित करेंगे तथा संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य के सहयोग से निबंध के विषय का भी चयन करेंगे।

)

4. दिनांक 14 सितम्बर, 2018 को मायाबंदर तथा निकोबार जिला क्षेत्र के सभी विद्यालयों में **हिंदी दिवस** का आयोजन किया जाए जिसमें विद्यार्थियों को हिन्दी दिवस के महत्त्व के बारे में जानकारी दी जाए।

अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार कार्रवाई करें तथा हिंदी पखवाड़े के दौरान हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग कार्यालयों में करवाएं और इस सम्बन्ध में एक रिपोर्ट राजभाषा विभाग, सचिवालय को भिजवाएं। प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि का विवरण इस प्रकार है :–

प्रथम पुरस्कार	–	₹2,000/–	प्रति प्रतियोगिता
द्वितीय पुरस्कार	–	₹1,500/–	प्रति प्रतियोगिता
तृतीय पुरस्कार	–	₹1,000/–	प्रति प्रतियोगिता
सांत्वना पुरस्कार	–	₹500/–	प्रति प्रतियोगिता

इसकी सूचना अपने क्षेत्र में स्थित सभी कार्यालयों तथा विद्यालयों को देने की कृपा करें।

हिन्दी पखवाड़ा के दौरान कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा विजेताओं को पुरस्कृत करने, जल–पान और बैनर आदि बनवाने के लिए प्रशासन ने क्षेत्रीय कार्यालय, कार निकोबार के लिए **₹.15,000/–** तथा क्षेत्रीय कार्यालय, मायाबंदर के लिए **रु 15,000/–** की राशि मंजूर की गई है।

इस संबंध में अनुरोध है कि दोनों जिला कार्यालयों में तैनात हिन्दी अनुवादकों के बैंक खाता का विवरण तत्काल राजभाषा विभाग में भिजवाने की कृपा करें ताकि उक्त कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए स्वीकृत **₹.15,000/–** की राशि उनके खाते में स्थानान्तरित किया जा सके। उक्त स्थानान्तरित **₹.15,000/–** की राशि के समायोजन की जिम्मेदारी संबंधित हिन्दी अनुवादक की होगी।

अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार कार्रवाई करें तथा हिंदी पखवाड़े के दौरान अधिक से अधिक शासकीय कार्य हिन्दी में किए जाएं और कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए अपने-अपने कार्यालयों में प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करवाएँ। **हिन्दी पखवाड़ा–2018** के समापन के बाद इसकी रिपोर्ट राजभाषा विभाग, सचिवालय को अवश्य भिजवाएं ।

भवदीय,

/

हिन्दी अधिकारी

प्रतिलिपि:–

1. हिन्दी अनुवादक, उपायुक्त, निकोबार जिला का कार्यालय, कार निकोबार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
2. हिन्दी अनुवादक, उपायुक्त, उत्तर तथा मध्य अंडमान जिला का कार्यालय, मायाबन्दर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।

25/7/18

हिन्दी अधिकारी